महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)

Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain

(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)

प.सं. 17-1/2024(प्र.वि.)/मसारावेविप्र

दिनांक : 08-05-2025

कार्यालय आदेश – 1689

विषय : ऑपरेशन सिन्दूर (Operation Sindoor) के दौरान भारतीय सेना के मनोबल बढ़ाने एवं भारतीय सेना की सर्वत्र विजय हेतु वेद मंत्र जाप, पारायण, यज्ञ अनुष्ठान करने के सम्बन्ध में ।

जैसे की आप सभी जानते हैं कि भारत - पाकिस्तान के मध्य वर्तमान में तनावपूर्ण स्थिति तथा भारतीय सीमा पर पाकिस्तान के कारण युद्ध स्थिति निर्मित है। हमारे वीर सैनिकों ने पाकिस्तान की प्रत्येक मिसाइल को ध्वस्त किया है, इसीलिये हम आज सुरक्षित हैं। भारतीय सेना के वीर जवानों की सुरक्षा, मनोबल वृद्धि, सैन्य बल की शक्ति संवर्धन, वीर तेज की वृद्धि, राष्ट्र रक्षा, राष्ट्र संवर्धन, राष्ट्रहित, राष्ट्रीय एकता एवं शस्त्रास्त्रों द्वारा प्रभावी कार्य के लिए तथा पाकिस्तान रूपी शत्रु पर भारतीय सेना की संपूर्ण विजय प्राप्ति के उद्देश्य से समस्त राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालयों, प्रतिष्ठान से सम्बद्ध समस्त वेदपाठशालाओं/ गुरु - शिष्य परम्परा इकाइयां, सम्बन्धित वेदों में ऋषियों द्वारा दृष्ट शत्रु पराजय, शत्रु नाशन सूक्तों- मन्यु सूक्त, अप्रतिरथ सूक्त आदि सूक्तों, विविध मंत्रो का पाठ तथा उन मंत्रो से संकल्प पूर्वक हवन आदि करें। संकल्प पूर्वक ब्रह्मचारिगण द्वारा शक्तिप्रद मन्त्रों का पाठ एवं हवन करावें।

भारत की विजय हेतु निरन्तर प्रतिदिन अनुष्ठान करें, वेद स्वाध्यायक करें तथा शत्रु पराजय हेतु शत्रु विनाशक अनुष्ठान, यज्ञ करने का निवेदन है। भारतीय सेना को Operation Sindoor में पूर्ण सफलता प्राप्त हो, सभी वीर सैनिक निरन्तर सकुशल हों, यही हम सब की भगवान से प्रार्थना रहे, संकल्प रहें।

आयोजित की जाने वाली वैदिक गतिविधियों का वीडियो / छात्राचित्र प्रतिष्ठान के ईमेल msrvvp.academic@gmail.com पर प्रेषित किए जाएं ।

समस्त वेदपाठशालाएं / गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयां विद्यालय में आवास- भोजन, छात्रों की स्वास्थ्य / सुरक्षा हेतु पूर्व से तैयारी करते हुए विशेष ध्यान रखें ।

सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित वेदपाठशालाएं /इकाइयां स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी किए जा रहे दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें । सीमावर्ती क्षेत्रों में आवश्यक होने पर विद्यालय/ इकाई को बंद करते हुए छात्रों को सुरक्षित स्थान (छात्रों को अपने घर) पर रखें ।

इसी प्रकार प्रतिष्ठान द्वारा संचालित समस्त राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालयों में भी भारतीय सेना की सफलता हेतु उपर्युक्त गतिविधियां आयोजित की जाएं ।

8/5/2025

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि : (1) प्रतिष्ठान से अनुदानित समस्त वेदपाठशालाओं / इकायों / राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालयों को सूचनार्थ प्रतिष्ठान की वेबसाईट पर प्रकाशित ।

(2) कार्यालय आदेश पत्रावली ।

वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पो.ऑ. जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN - 456006 (M.P.)
दूरभाष/Telephone : 0734 - 2502266, 2502254, ई-मेल/E-mail : msrvvpujn@gmail.com, वेब-साईट/Website : www.msrvvp.ac.in